## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 10.05.2026** **समय : 1905**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व, युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
2. केंद्र सरकार ने नियमों के प्रकाशन के साथ चार श्रम संहिताएं लागू कीं।
3. निकोबार जिले के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस थानों में 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू किए गए है।
4. मदर्स डे के अवसर पर अंडमान निकोबार शतरंज संघ द्वारा शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व, युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। श्री मोदी ने आज कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में, आर्ट ऑफ लिविंग के 45वीं जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान में नव–निर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि सेवा, आध्यात्मिकता और सामाजिक परिवर्तन में आर्ट ऑफ लिविंट फाउंडेशन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु ने आध्यात्मिक ऊर्जा को नई ऊंचाई दी है। ध्यान, प्राणायाम भारत के संस्कारों का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। आज दुनियाभर के लोग भारत के इन आध्यात्मिक संस्कारों से प्रभाावित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ युवाओं की अहम भूमिका है। विकसित भारत का निर्माण ऐसे युवाओं से ही होगा, जो युवा मानसिक रूप से शांत हो, जो सामाजिक रूप से जिम्मेदार हो और जो समाज के प्रति संवेदनशील हो, इसलिए स्पिरिचुअल वेलबिइंग, मेंटल हेल्थ, योग, मेडिटेशन महत्वपूर्ण गतिविधि इन सबकी भूमिका बहुत–बहुत अहम है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इन उपायों से संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और वैधानिक देय राशियों के भुगतान में चूक कम हो सकेगी। इसमें समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा अंशदान का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के लिए प्रतिबंध और कड़े दंड का प्रावधान है। दैनिक वेतन शिफ्ट समाप्त होने तक, साप्ताहिक वेतन साप्ताहिक अवकाश से पहले, पाक्षिक वेतन पखवाड़े की समाप्ति के दो दिन में और मासिक वेतन का भुगतान अगले महीने के सात दिन में हो जाना चाहिए।

<><><><><><><>

टी वी के पार्टी प्रमुख सी.जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्हें आज सुबह मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सी जोसेफ विजय को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री विजय के साथ 9 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और तमिल फिल्म उद्योग की कई हस्तियां मौजूद थी।

<><><><><><><>

निकोबार जिले के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस थानों में 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू किए गए है। इस पहल का उद्देश्य छुट्टियों के दौरान शैक्षिक और आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के लिए एक सुरक्षित, अधिक समझदार, अनुशासित और मज़बूत भविष्य का निर्माण करना है। इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में बच्चों को रचनात्मकता और कला गतिविधियों, शैक्षिक और संवादात्मक सत्रों, खेलों और क्रीड़ाओं, सुरक्षा जागरूकता, नैतिक मूल्यों की शिक्षा, आत्मविश्वास बढ़ाने वाले अभ्यासों, अनुशासन और टीम भावना से जुड़ी गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और समग्र कौशल विकास का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान किया जाएगा। माता–पिता और अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों का पंजीकरण कर इस पहल का समर्थन करें। यह पहल न केवल युवा मस्तिष्कों के समग्र विकास को बढ़ावा देती है, बल्कि समुदाय के भीतर पुलिस और जनता के बीच के संबंधों को भी मज़बूत करती है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती में जनजातीय समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाने और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए हाल ही में कार निकोबार में एक विशेष संवाद और मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व निकोबार जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने किया। इस अवसर पर कार

निकोबार पुलिस थाना की थाना अधीकारी टी. हेमावती, और पुलिस रेडियो व फायर स्टेशन (कार निकोबार) के प्रभारी अधिकारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनजातीय समुदायों के इच्छुक उम्मीदवारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के दौरान, पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने उम्मीदवारों को आगामी भर्ती अभियान के बारे में जानकारी दी। शारीरिक फिटनेस के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने उम्मीदवारों को नियमित प्रशिक्षण शुरू करने और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दीं। साथ ही, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन और प्रेरक सुझाव भी साझा किए। आवेदन प्रक्रिया को सुचारू और बाधा–मुक्त बनाने के लिए, पुलिस स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। यह पहल विभाग के समावेशी जन–संपर्क के प्रति समर्पण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक सेवा के अवसरों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना है।

<><><><><><><>

मदर्स डे के अवसर पर अंडमान निकोबार शतरंज संघ द्वारा "Mom & Me" टीम शतरंज टूर्नामेंट, का आयोजन आज ANCA, शतरंज केंद्र, डेयरी फार्म में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष टूर्नामेंट में माँ–बच्चे की टीमों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, और शतरंज के खेल के माध्यम से आपसी जुड़ाव, टीम वर्क और एकजुटता की भावना को उजागर किया। कड़े मुकाबले वाले कई दौरों के बाद, जोथी और ईशान की जोड़ी विजेता बनी और उन्होंने पहला स्थान हासिल किया। तृप्ति और हार्दिक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि नेवेदिता और रुद्राणी ने तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। सभी प्रतिभागी माताओं को उनके बच्चों की यात्रा में उनके निरंतर समर्थन, प्रोत्साहन और योगदान की पहचान के रूप में पदक भी प्रदान किए गए। टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें शतरंज के माध्यम से माताओं और बच्चों के बीच के विशेष बंधन का उत्सव मनाया गया।

<><><><><><><>

वंचित और कमजोर वर्ग के छात्रों की सहायता के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं के उन छात्रों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण कोचिंग फीस देने में असमर्थ हैं। इस योजना में निम्न आय वर्ग के छात्रों, अनाथालय में रहने वाले बच्चों, एकल अभिभावक परिवारों तथा अन्य सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही कंप्यूटर एवं अन्य आवश्यक डिजिटल कौशल प्रशिक्षण भी शुरू करने की योजना है। इच्छुक छात्र आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा श्रेणी प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ 20 जून तक फोरशोर रोड, हैड्डो स्थित गैर सरकारी संगठन उन्नति के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक फोन संख्या 9434–283–062 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>